संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर, छत्तीसगढ़

E-mail: deptt.culture@gmail.com, Website: www.cgculture.in
Tele.Fax.:0771-2234731(O), Phone No.: 0771-2537404(O)

देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार 2019

छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक शैली पर आधारित प्रदर्शनकारी छत्तीसगढ़ी लोक कला के क्षेत्र में व्यक्ति/संस्था को प्रोत्साहन देने एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सुप्रसिद्ध पंथी नर्तक स्व.श्री देवदास बंजारे की स्मृति में राज्य स्तरीय **"देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार"** स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टियां/ अनुशंसाएं आमंत्रित है।

1. चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति/संस्था को पचास हजार रू. नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
2. पुरस्कार के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती है।
   - स्वयं अथवा आपके द्वारा पुरस्कार हेतु नामांकित किए जाने वाले लोक कलाकार/संस्था का नाम, पूर्ण परिचय व पता।
   - लोक कला के क्षेत्र में किए गए कार्यो का सप्रमाण विवरण।
   - पूर्व में कलाकार/संस्था को यदि अन्य कोई सम्मान/पुरस्कार प्राप्त हुआ हो तो उसका विवरण।
   - चयन होने की स्थिति में पुरस्कार ग्रहण करने के संबंध में चयनित लोक कलाकार/ संस्था की लिखित सहमति आवश्यक होगी।
3. जिस लिफाफे में प्रविष्टियां भेजी जावें, उस पर **"देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार 2019"** अंकित किया जाना आवश्यक है।
4. प्रविष्टियों के लिए **अंतिम तिथि 05.10.2019** है।
5. प्रविष्टियां अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को प्रेषित करें।
6. प्रविष्टियां कार्यालयीन समय पर संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व, महंत घासीदास संग्रहालय परिसर, सिविल लाईन्स, रायपुर-पिन 492001 में डाक अथवा वेब-साईट www.cgculture.in द्वारा प्रेषित करें।
7. प्रस्तुत की गई प्रविष्टियां वापस नहीं की जायेंगी तथा इस संबंध में कोई भी पत्रचार मान्य नहीं होगा।
8. निम्न प्रारूप में जानकारी दस्तावेजों के प्रतिलिपि सहित प्रस्तुत करें।

क्र.	आवेदक नाम एवं पता.	जन्मतिथि एवं आयु	प्रस्तावक का विवरण	कलाकार की उपलब्धियों का संक्षिप्त ब्यौरा	प्राप्त सम्मान/ पुरस्कार विवरण केवल अन्तराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/ राज्यस्तरीय/ जिला स्तरीय	वर्तमान में शासकीय सेवारत हैं अथवा नहीं	सम्मान हेतु सहमति पत्र संलग्न है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व